Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Singh Shri Manvendra

>

Title : Need to expedite the relief and rehabilitation measures in landslides-affected Uttar Kashi district of Uttaranchal.

ले. कर्नल (सेवानिवृत्त) मानवेन्द्र शाह (टिहरी गढ़वाल) : महोदय, वर्ा 2003 में उत्तरांचल के जनपद उत्तरकाशी में वरूणावत पर्वत के टूटने से उत्तरकाशी शहर तबाह हो गया था और गंगोत्री-ऋाकेिश राट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया, इसलिए शहर को बचाने, वरूणावत पर्वत भूस्खलन से प्रभावित व्यक्तियों की सहायता करने एवं वरूणावत पर्वत के उपचार हेतु केन्द्र सरकार द्वारा 250 करोड़ रूपए की धनराशि का पैकेज जारी किया गया था और राज्य सरकार द्वारा मै0 जय प्रकाश इंडस्ट्रीज, मै0 करमचंद थापर एण्ड ब्रदर्स, मै0 हाईडिल कंस्ट्रक्शन कम्पनी और श्रींग कंस्ट्रक्शन कम्पनी से प्रस्ताव मांगे गए थे। ताज्जुब की बात है कि नई श्रींग कंस्ट्रक्शन कंपनी, जो पूर्व में राजकुमार कंस्ट्रक्शन कम्पनी थी, को कार्य दिया गया जिसके पास मशीन आदि न होने के कारण, मशीन आदि खरीदने के लिए 5.61 करोड़ रूपए की धनराशि कम्पनी को एडवांश दिया गया है। कम्पनी ने तय समय के अन्दर कार्य समाप्त न करके और यह कारण बताया कि डिजाइन ठीक नहीं था और सरकार उसी कम्पनी को रिन्यु करे ओर 27 करोड़ की धनराशि दे दी। उत्तरकाशी शहर और यात्रा सड़क का कार्य ढीला चल रहा है और वरूणावत पर्वत के टूटने का खतरा बना हुआ है।

अतः मैं आपके माध्यम से पर्यावरण ओर वन मंत्री से अनुरोध करता हूँ कि वरूणावत पर्वत को टूटने से रोकने का उपचार, शहर को बचाने के उपाय करने और प्रभावित पीड़ितों को राहत राशि उपलब्ध कराने जो कि अभी तक पीड़ितों को नहीं दी गयी है और जो थोड़ा बहुत दी गयी है, वह न के बराबर है। इस हेतु कार्यवाही करने का कट करें और केन्द्र सरकार द्वारा अभी तक जितनी भी धनराशि दी गयी है, उस धनराशि के घोटाले की जांच सीबीआई से करवाने का कट करें।